# मोनी और जयवीर सिंह ने जीते स्वर्ण पदक

- एशियन यूथ गेम्स में भारत को मिला सुनहरा दिन कुश्ती में
- भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल्ड, 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज किए अपने नाम

**6–2** से जयवीर सिंह ने जापान के फुरुसावा | **10–0** से मोनी ने किर्गिस्तान की पहलवान को मात दी

**मनामा ( बहरीन ), 30 अक्टूबर — भारतीय कुश्ती दल ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए. लड़कों के 55 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में जयवीर सिंह और लड़कियों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में मोनी ने देश को गोल्ड दिलाया. जयवीर सिंह ने अपने अभियान की शुरुआत श्रीलंका और कंबोडिया के पहलवानों को 10–0 से हराकर की.**




क्वार्टर फाइनल में उन्होंने ईरान के यासीन जारेजादेह को क्राइटेरिया पर मात दी, जबकि सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के इब्राहिम यस्ककबेक को 5–0 से शिकस्त दी. फाइनल में जयवीर ने जापान के यामातो फुरुसावा को 6–2 से हराकर स्वर्ण पर कब्जा जमाया.

**भारत ने अब तक जीते 33 पदक**

**6 स्वर्ण, 11 रजत, 16 कांस्य**

> महिलाओं के वर्ग में मोनी ने चीन की जियाओहान जू को सेमीफाइनल में 8–0 से हराया और फाइनल में किर्गिस्तान की सेजिम कुरमानबेकोवना को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर 10–0 से परास्त कर गोल्ड जीता. भारत के गौरव पुनिया ने लड़कों के 65 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि कोमल वर्मा और रचना ने क्रमशः 49 किग्रा और 43 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीते. कुश्ती में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है. देश ने अब तक कुल 33 पदक जीते हैं — जिनमें छह स्वर्ण, 11 रजत और 16 कांस्य शामिल हैं.





# 1 ओवर में 77 रन का तूफान!

## न्यूजीलैंड में 35 साल पहले बना था ये चमत्कारी रिकॉर्ड

- 22 गेंदों का ओवर, बरसे चौके–छक्के और नो बॉल की झड़ी
- आज तक क्रिकेट इतिहास का सबसे महंगा ओवर

**30 अक्टूबर, क्रिकेट के मैदान पर कई बार ऐसे करिश्मे हुए हैं जिन पर यकीन करना मुश्किल होता है. ऐसा ही एक अनोखा रिकॉर्ड 35 साल पहले न्यूजीलैंड की सरज़मीं पर बना था, जब एक ओवर में पूरे 77 रन बने थे. यह कारनामा शेल ट्रॉफी के घरेलू मैच में हुआ था और आज भी क्रिकेट इतिहास में सबसे महंगा ओवर माना जाता है.**

वेलिंगटन और कैंटरबरी के बीच खेले गए इस मुकाबले में गेंदबाज बर्ट वेंस और बल्लेबाज ली जर्मन ने इतिहास रच दिया. वेलिंगटन ने मैच के आख़िरी दिन 291 रनों का लक्ष्य दिया था, और जब कैंटरबरी की टीम 108/8 पर संघर्ष कर रही थी, तब कप्तान ने सोचा आसान ओवर से मैच खत्म कर दिया जाए. लेकिन बर्ट वेंस के ओवर ने सब कुछ बदल दिया.

वेंस ने उस ओवर में कुल 22 गेंदें डालीं, जिनमें नो बॉल, वाइड और छक्कों की बरसात रही.

> ली जर्मन ने इस ओवर में अकेले 70 रन बनाए, जबकि उनके साथी रोजर फोर्ड ने 5 रन जोड़े. रन ऐसे बने — 0, 4, 4, 4, 6, 6, 4, 6, 1, 4, 1, 0, 6, 6, 6, 6, 6, 0, 0, 4, 0, 1. कैंटरबरी को आख़िरी ओवर में 18 रन चाहिए थे, जर्मन ने 17 बना लिए लेकिन जीत नहीं मिली — मैच ड्रॉ हो गया. इसके बावजूद, वह ओवर क्रिकेट इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज हो गया.

## मेलबर्न के खिलाड़ी के दुखद निधन

### भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों ने दी श्रद्धांजलि

**नवी मुंबई, 30 अक्टूबर ऑस्ट्रेलिया और भारत की खिलाड़ियों ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल में किशोर क्रिकेटर बेन ऑस्टिन को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टियाँ पहनीं, जिनका मेलबर्न में नेट्स पर बल्लेबाजी करते समय एक दुर्घटना में निधन हो गया था.**



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार, ऑस्टिन परिवार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, हम अपने प्यारे बेन के निधन से बेहद दुखी हैं, जिनका गुरुवार सुबह निधन हो गया. ट्रेसी और मेरे लिए, बेन एक लाड़ला बेटा, कूपर और ज़ैक का बहुत प्यारा भाई और हमारे परिवार और दोस्तों के जीवन में एक चमकता हुआ प्रकाश था.इस त्रासदी ने बेन को हमसे छीन लिया है, लेकिन हमें इस बात से थोड़ी राहत मिलती है कि वह वही कर रहा था जो वह कई गर्मियों में करता था – दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने के लिए नेट्स पर जाना. उसे क्रिकेट बहुत पसंद था और यह उसके जीवन के सबसे सुखद पलों में से एक था.

## केएससीए ने चुनाव में देरी और पात्रता मानदंडों पर प्रसाद पैनल के दावों को खारिज किया

**बेंगलुरु.** कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने अपने आगामी चुनावों के समय और नौ साल के नियम की व्याख्या को लेकर पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद और उनकी टीम की आलोचना को खारिज कर दिया है. क्रिकबज के सवालों के जवाब में, एसोसिएशन ने कहा कि समूह को चुनाव की तारीखों की जानकारी थी क्योंकि वर्तमान प्रबंध समिति के कुछ सदस्य उनसे जुड़े हुए हैं. हम एक संस्था हैं और नियमों के अनुसार हमें अपने सदस्यों को 21 दिन का स्पष्ट समय देकर सूचित करना होता है, इसलिए प्रेस में तारीखों की घोषणा करने के बारे में उनकी जानकारी का कोई नतीजा नहीं निकलता.

## ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी पर चर्चा की

**नयी दिल्ली, 30 अक्टूबर आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने इस सप्ताह की शुरुआत में स्विट्जरलैंड में आईओसी सत्र के दौरान आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री से मुलाकात की और 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक की राह और ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी पर चर्चा की. उन्होंने अब तक हुई प्रगति और ओलंपिक आंदोलन के विकास में क्रिकेट की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार–विमर्श किया.**



जय शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक की राह और ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी पर हमारी चल रही चर्चा को जारी रखने के लिए आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री से मिलकर खुशी हुई. हमने अब तक हुई प्रगति और ओलंपिक आंदोलन के विकास में क्रिकेट की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार–विमर्श किया.

## तनुष कोटियान ने झटके चार विकेट

**दक्षिण अफ्रीका ए 297/9**

**बेंगलुरु 30 अक्टूबर तनुष कोटियान ( चार विकेट ) और मानव सुथार ( दो विकेट ) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए ने गुरुवार को पहले अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन स्टंप के समय 297 के स्कोर पर दक्षिण अफ्रीका ए के नौ विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है.**



आज यहां इंडिया ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ए की शुरुआत अच्छी नहीं है. उसने चौथे ही ओवर में छह रन के स्कोर पर लेसेगो सेनोक्काने (शून्य) का विकेट गंवा दिया. उन्हें अंशुल काम्बोज ने आउट किया. इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ज़ुबैर हमजा ने जॉर्डन हरमन के साथ दूसरे विकेट के लिए 132 रनों की साझेदारी की. 35वें ओवर में गुरनूर बरार ने ज़ुबैर हमजा को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा. ज़ुबैर हमजा ने 109 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए 66 रनों की पारी खेली. कप्तान मार्क्स एकरमैन 18 रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में कोटियान का शिकार बने.

## 15 ज़िलों की टीमें भिड़ेंगी पंजाब जूनियर खो–खो चैम्पियनशिप में

**चंडीगढ़.** होशियारपुर आगामी 2 और 3 नवंबर को होने वाली पंजाब राज्य जूनियर खो–खो चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा, जो रायत बहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित की जाएगी. इस चैम्पियनशिप में राज्य के 15 ज़िलों की अंडर–18 टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी. प्रत्येक ज़िला लड़कों और लड़कियों–दोनों वर्गों में टीम उतारेगा. यह प्रतियोगिता खो–खो एसोसिएशन ऑफ होशियारपुर द्वारा आयोजित की जा रही है, जो खो–खो एसोसिएशन ऑफ पंजाब और खो–खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान मे होगी.

## ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी




**नवी मुम्बई, 30 अक्टूबर ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ महिला विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में गुरूवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया.**

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतने के बाद कहा कि पिच बल्लेबाज़ी के लिए अच्छी लग रही है इसलिए वह स्कोरबोर्ड पर ज़्यादा से ज़्यादा रन बनाना चाहेंगी. हीली के साथ ही सोफ़ी मोलिन्यू की जगह जॉर्जिया वेयरहम की वापसी हुई है. भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह भी पहले बल्लेबाज़ी करना चाहती थीं लेकिन उनकी टीम शुरुआती सफलता हासिल करने की कोशिश करेगी. हरमनप्रीत कौर ने कहा कि चोट के चलते प्रतिका नहीं खेल रही हैं और शेफ़ाली टीम में हैं. वहीं हरलीन और छेत्री को आराम दिया गया है जबकि गौड़ और घोष की वापसी हुई है. टीमों की प्लेइंग इलेवन भारत : 1 स्मृति मंधाना, 2 शेफ़ाली वर्मा, 3 अमनजोत कौर, 4 हरमनप्रीत कौर (कप्तान), 5 जेमिमाह रॉड्रिग्स, 6 दीप्ति शर्मा, 7 ऋचा घोष, 8 राधा यादव, 9 क्रांति गौड़, 10 श्री चरणी, 11 क्रांति गौड़ ऑस्ट्रेलिया : 1 फ़ीबी लिचफ़ील्ड, 2 एलिसा हीली (कप्तान), 3 एलिस पेरी, 4 बेथ मूनी, 5 एनाबेल सदरलैंड, 6 एश्ले गार्डनर, 7 तालिया मैक्ग्रा, 8 सोफ़ी मोलिन्यू, 9 अलाना किंग, 10 किम गार्थ, 11 मेगन शट.

## नायर होंगे केकेआर के मुख्य कोच



**कोलकाता, 30 अक्टूबर पूर्व ऑलराउंडर अभिषेक नायर इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स ( केकेआर ) का मुख्य कोच होंगे. सूत्र के अनुसार अभिषेक नायर को इस भूमिका के लिए तैयार है और जल्द ही इस बारे में अधिकारिक धोषणा की जायेगी. वह चंद्रकांत पंडित की जगह लेंगे.**

राष्ट्रीय पुरुष टीम में गौतम गंभीर की अगुवाई वाले कोचिंग दल का हिस्सा रहने के बाद नायर को पिछले सत्र में केकेआर ने वापस अपने साथ जोड़ा था. वह चंद्रकांत पंडित की अगुवाई वाले कोचिंग दल का हिस्सा थे. हाल ही में नायर को विमेंस प्रीमियर लीग ( डब्ल्यूपीएल ) में यूपी वॉरियर्ज का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था. चंद्रकांत पंडित केकेआर से अलग होकर घरेलू सर्किट में मध्य प्रदेश में वापस आ चुके हैं. मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में क्रिकेट निदेशक है.

42 वर्षीय नायर ने वर्षों तक मुंबई के लिए खेला वहीं इस हरफनमौला खिलाड़ी ने 2009 में भारत के लिए तीन एकदिवसीय मैच भी खेले.

> हालांकि जब कोचिंग की बात आती है तो नायर के पास इस संबंध में बेहतद अनुभव है. 2019 में आईपीएल से संन्यास लेने से पहले नायर को 2018 में केकेआर अकादमी में लीड कोच नियुक्त किया गया था और इसके बाद उन्होंने मुख्य टीम में बतौर सहायक कोच जगह ली. उन्होंने सीपीएल 2022 में त्रिनबागो नाइट राइडर्स के मुख्य कोच की भूमिका भी अदा की थी.

## यह बहुत ख़ास जीत है, हम सब उत्साहित हैं

**गुवाहाटी, 30 अक्टूबर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान और अपनी शतकीय पारी से प्लेयर ऑफ द मैच बनी लौरा वोल्वार्ट ने इंग्लैंड के खिलाफ महिला विश्व कप सेमीफाइनल में बुधवार को जीत हासिल करने के बाद इस जीत को बेहद ख़ास करार दिया और कहा कि इससे पूरी टीम उत्साहित हो गयी है.**



वोल्वार्ट ने जीत के बाद कहा, यह बहुत ख़ास है. हर कोई बहुत उत्साहित है. हम इसी टीम के ख़िलाफ पिछले दो सेमीफ़ाइनल में हार का सामना कर चुके हैं, जो वाकई बहुत दुखद है, इसलिए आज रात जीत हासिल करना हमारे ग्रुप के लिए बहुत मायने रखता है. मुझे हमारे खेलने के तरीके पर बहुत गर्व है.

यह पूछने पर कि ग्रुप मैच में क्या 69 रनों पर ऑल–आउट होने की यादें ताज़ा हो गईं?, वोल्वार्ट ने कहा,थोड़ी बहुत जरूर हुई. मुझे लगता है कि वही विरोधी टीम, वही मैदान, आपका दिमाग अपने आप ही उस मैच की यादों में खो जाता है.

लेकिन सच कहूँ तो, आज रात टॉस हारना दुनिया की सबसे बुरी बात नहीं थी. हमें बस यही लगा कि सेमीफ़ाइनल में रन बनाना ही सबसे अहम होगा.

> उन्होंने कहा, यह वाकई साझेदारियों का खेल था. टैज और मैंने अच्छी शुरुआत की, फिर जब हमने कुछ विकेट जल्दी गंवा दिए, तो कप्पी आयीं और उन्होंने मुझ पर से सारा दबाव हटा दिया. मैं थोड़ी गिरावट से गुजरी, लेकिन वो बस खेलती रही. यह जानते हुए कि हमारे पास अभी भी पावर हिटर मौजूद हैं, मैंने सोचा – अब स्विंग करने का समय है. आउट होने या बाउंड्री लगाने का. शुक्र है, वो कामयाब रहा. नहीं. वोल्वार्ट ने कहा, मुझे लगता है कि उनका स्कोर 0–2 और 1–3 या कुछ ऐसा था. मुझे इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं थी. (मुस्कुराते हुए) कप्पी अद्भुत थी – सेमीफ़ाइनल में पांच विकेट लेना कुछ ख़ास होता है. तब भी, हमें पता था कि उनके पास अच्छे बल्लेबाज हैं, इसलिए हम निश्चिंत नहीं रह सकते थे. मुझे लगता है कि जब तक नैट मैदान पर थी, ऐसा लग रहा था कि मैच किसी भी तरफ जा सकता है. लेकिन एक बार जब शुरुआती गति आ गई, तो हम बस ज़ोर लगाते रहे.

### एक नजर में



**अफगानिस्तान ने टी–20 में जिम्बाब्वे को 53 रनों से हराया**

**हरारे .** इब्राहिम जदरान (52), अजमतउल्लाह ओमरजई (27 रन और तीन विकेट) और मुजीब उर रहमान (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने पहले टी–20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 53 रनों से हरा दिया है. इसी के साथ अफगानिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1–0 से बढ़त बना ली है .अफगानिस्तान के 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे को अजमतुल्लाह उमरजई और मुजीब उर रहमान की जोड़ी ने 127 रनों पर ऑल आउट कर सफेद गेंद सीरीज में विजयी शुरुआत की. बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत बहुत खराब रही जब मुजीब ने सिर्फ दूसरे ओवर में लगातार गेंदों पर दो विकेट झटक लिये. इसमें अनुभवी ब्रेंडन टेलर का बड़ा विकेट भी शामिल था. इसके बाद ओमरजई ने मेजबान टीम को संभलने का मौका नहीं दिया और अगले ही ओवर में दो विकेट लेकर जिम्बाब्वे का स्कोर 25 रन पर चार विकेट कर दिया.

**जानिक सिनर पहुंचे पेरिस मास्टर्स के अगले दौर में**

**पेरिस .** दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी जानिक सिनर ने बेल्जियम के जिज़ू बर्ग्स को हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली हैं.

इटली के दिग्गज सिनर ने बुधवार को पहले दौर के मुकाबले में बेल्जियम के जिज़ू बर्ग्स के खिलाफ 6–4, 6–2 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की. सिनर की जीत पुरुषों के विश्व के नंबर वन कार्लोस अल्काराज के ग्रेट ब्रिटेन के कैमरन नॉरी (नंबर 31) से चौंकाने वाली हार के एक दिन बाद हुई. उनकी हार ने इटैलियन खिलाड़ी के लिए नंबर वन पोजीशन फिर से हासिल करने का रास्ता खोल दिया है, अगर वह पेरिस में जीत पाते हैं. मैच के बाद सिनर ने कहा, यह यहां एक बहुत ही अनोखा कोर्ट है. आमतौर पर मुझे हमेशा थोड़ी मुश्किल होती है, इसलिए मैं पहला मैच

## अनाहत सिंह का कनाडा महिला ओपन में अभियान समाप्त

**टोरंटो.** भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह का कनाडा महिला ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन सेमीफाइनल में इंग्लैंड की दुनिया की नंबर 10 खिलाड़ी जॉर्जीना केनेडी से हार के साथ खत्म हो गया. टोरंटो के ब्रुकफील्ड प्लेस में खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में 17वर्षीय अनाहत सिंह को केनेडी से 3–0 (11–5, 11–8, 12–10) से हार का सामना करना पड़ा.

**पंजाब सुपर लीग 2025** | 17 मैचों के बाद, पंजाब एफसी के 39 अंक हैं, जबकि शेर–ए–पंजाब स्पोर्ट्स क्लब के इतने ही मैचों में 34 अंक हैं

# एक मैच शेष रहते पंजाब एफसी ने जीता खिताब

**मोहाली, 30 अक्टूबर. पंजाब एफसी ने 39वीं पंजाब स्टेट सुपर फुटबॉल लीग 2025 का खिताब एक मैच शेष रहते जीत लिया, क्योंकि उसके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी शेर–ए–पंजाब स्पोर्ट्स क्लब ने सीमा सुरक्षा बल फुटबॉल क्लब के खिलाफ अपने अंतिम मैच में अंक गंवा दिए. 17 मैचों के बाद, पंजाब एफसी के 39 अंक हैं, जबकि शेर–ए–पंजाब स्पोर्ट्स क्लब के इतने ही मैचों में 34 अंक हैं, जिससे किसी भी अन्य टीम के लिए शेर्स की बराबरी करना लगभग असंभव हो गया है.**



उनके खिताब जीतने के क्रम में एक अहम कारक टीम का मज़बूत डिफेंस रहा है, जिसने 17 मैचों में 12 क्लीन शीट हासिल की हैं, जो उनके अनुशासन और रणनीतिक संगठन का प्रमाण है. चैंपियन बनकर, पंजाब एफसी 1 लाख की पुरस्कार राशि अपने घर ले जाएगी, जो घरेलू सर्किट में एक और यादगार सीज़न का समापन होगा. शेर्स ने इस सीजन में 12 मैच जीते, तीन ड्रॉ खेले और दो हारे.

> पूरे अभियान में उन्होंने 32 गोल किए और केवल 11 गोल खाए. मुख्य कोच प्रवीण कुमार के नेतृत्व में टीम ने लीग के लिए अपनी रिजर्व टीम उतारी, जिसमें सभी खिलाड़ी 25 वर्ष से कम आयु के थे, जिनमें अंडर–19 टीम के नौ खिलाड़ी और पंजाब एफसी के 16 खिलाड़ी शामिल थे. खिताबी जीत पर, मुख्य कोच प्रवीण कुमार ने कहा, मुझे लड़कों पर बहुत गर्व है कि उन्होंने पूरे सीजन में जिस तरह से प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है. हम इस अभियान में एक युवा समूह के साथ उतरे थे, जिसमें सभी 25 वर्ष से कम आयु के थे और कई सीधे हमारे अंडर–19 सेटअप से थे और उन्होंने पूरे अभियान के दौरान जबरदस्त परिपक्वता और लगन दिखाई. एक मैच शेष रहते लीग जीतना उनके अनुशासन, निरंतरता और एक क्लब के रूप में हमारी बनाई जा रही पहचान का प्रतीक है. यह खिताब न केवल उनकी कड़ी मेहनत का पुरस्कार है, बल्कि इन खिलाड़ियों और पंजाब एफसी की अकादमी के उज्ज्वल भविष्य का भी संकेत है. पूरे सीजन में, पंजाब एफसी के 14 अलग–अलग गोल स्कोरर रहे, जिनमें अर्शवीर सिंह, जगदीश सिंह और येंद्रेम्बम बॉबी सिंह ने चार–चार गोल किए, जो टीम के लिए सर्वाधिक स्कोरिंग स्कोरर रहे. अभिषेक रट्टू ने तीन गोल किए, जबकि नगारिन शाइजा, थांगजाम अल्बर्ट और एकमीत सिंह ने दो–दो गोल किए. अन्य स्कोरर सुखविंदर सिंह, जैथलीन सिंह, हरमनप्रीत सिंह, हर्षदीप सिंह और हर्ष तिवारी थे.